Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 09-06-2023 अंक 589

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## दहेज प्रताड़ना के आरोप में पति सहित पांच पर प्राथमिकी दर्ज

**अपेम लाइव : बरही**

रसोईया धमना निवासी गुलबसा खातून पिता मो अब्बास राय ने बरही थाना में दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाकर पति सहित पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में पति मो मुराद, सास सकिला खातून, ससुर इशाक राय, अफसाना खातून, सकीना खातून एवं चांदनी खातून को नामजद आरोपी बनाया गया है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से वादी गुलाबसा खातून ने बताया की उनकी दो बेटियां है। इन दोनो बेटी के कारण ही ससुराल वाले लोग प्रताड़ित करते हैं। बताया की दो लाख की दहेज की मांग को लेकर अक्सर उनके साथ मारपीट करते रहते हैं। 21 मई को पुनः सभी नामजद आरोपी उनके साथ बेरहमी से मारपीट की और घर से निकाल दिया। कहा की जब तक दो लाख दहेज नहीं दोगे तब तक वापस नहीं आना। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

## पुण्यतिथि पर विशेष : धर्म संस्कृति के रक्षक थे भगवान बिरसा मुंडा



**अपेम लाइव : बरही**

बरही : भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर कहा की आदिवासियों के महानायक बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को आदिवासी दंपति सुगुना और करमी के घर हुआ था। भारतीय इतिहास में बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक थे, जिन्होंने भारत के झारखंड ने अपने क्रांतिकारी चिंतन से उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। साथ ही साथ उन्होंने कहा की भगवान बिरसा मुंडा स्वतंत्र युवा सेनानी होने के साथ – साथ आदिवासी समाज के एक ऐसे नेता थे जिन्हें जनजातीय लोग आज भी गर्व से याद करते है। आज 9 जून को उनकी पुण्यतिथि मनाई जा रही है। 19वीं सदी के अंत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ सशक्त विद्रोह छेड़ने के लिए उन्हें याद किया जाता है। इसके साथ ही राष्ट्रीय आंदोलन पर उनके प्रभाव की मान्यता को देखते हुए उनकी जन्मतिथि 15 नवंबर 2000 के दिन झारखंड राज्य का गठन किया गया था।

## बरही : बिजैया का 2 नंबर तालाब सूखने के कगार पर, मुखिया प्रतिनिधि ने की तालाब का गहरीकरण कराने की मांग

**अपेम लाइव : बरही**




प्रत्येक वर्ष सरकार पानी की बूंद – बूंद सहेजने के लिए कयावद करती है। उसके बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में जलसंकट की समस्या खड़ी हो जाती है। इसकी पूर्ति करने के लिए विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च किए जाते है। इसके बावजूद पुरानी धरोहर के रूप में प्राचीन तालाबों तरफ अनदेखी बरती जा रही है। जिससे उनका दायरा सिमटता जा रहा है। वहीं इन पुराने तालाबों का मरम्मत कार्य नही होने के कारण हालत यह की इनमे से अधिकांश सुख चुके है और जो बाकी है वह सूखने के कगार पर है। जबकि कभी इन्ही तालाबों में पूरा साल भरा रहता था। वही तालाब आज स्थानीय प्रशासन वा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण अपना अस्तित्व खोते जा रहे है। यही हाल बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के ग्राम बैजलाडीह में स्थित 2 नंबर तालाब का है। वर्षो पुराने इन तालाबों का ठीक से गहरीकरण नही होने से तालाब में मिट्टी, कीचड़ और जलकुंभी जमा हो गई है। साथ ही साथ ठीक से रख – रखाव और मरम्मत नहीं होने के कारण जगह – जगह इनका बंधान भी टूटने लगा है। इसके चलते इनका अस्तित्व संकट में है। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो मंसूर ने बताया की इस तालाब की जानकारी बरही के आला अधिकारियों भी दी गई है। लेकिन अभी तक अधिकारियों द्वारा कोई सकारात्मक पहल नही उठाया गया है। साथ ही उन्होंने कहा की तालाब सुख जाने से सिंचाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां के किसान खेती नही कर पा रहे है, जिसके कारण दर्जनों एकड़ जमीन परती रह जा रहा है। वहीं मौके पर मौजूद पंचायत के उपमुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव ने बताया की यदि इस तालाब का गहरीकरण वा मरम्मत हो जाए तो आज भी जलसंकट के समय यह तालाब लोगों की प्यास बुझाने में मददगार साबित हो सकता है। जबकि गर्मी में वैसे ही जलसंकट बना रहता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की तालाब सुख जाने के कारण सिंचाई के साथ मवेशियों को पीने के लिए पानी में काफी परेशानी हो रही है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मो मंसूर, उपमुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव, कलीम अंसारी, श्याम सुन्दर मोदी एवं कैटल गार्ड असरफ अंसारी मौजूद थे।

## मोदी सरकार के कार्य धरातल पर दिखाई दे रहे हैं : डॉ नरेंद्र सिंह रैना

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के कार्य धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। सेवा, सुशासन, सुरक्षा और गरीब कल्याण के लक्ष्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चल रहे हैं। पिछले नौ वर्षो में केंद्रीय योजनाओं का लाभ देश भर की करोड़ों जनता को बिना किसी भेदभाव और पक्षपात के मिल रहा है। नरेंद्र मोदी की सोच और काम से पूरे विश्व में भारत और 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान बढ़ा है। यह बातें लातेहार में भाजपा राष्ट्रीय मंत्री डॉ नरेंद्र सिंह रैना ने महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं।स्थानीय होटल ब्लिस्स में आयोजित वार्ता कर डॉ नरेंद्र सिंह रैना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ साल बेमिसाल हैं। पथ, आकार व दिशा बनाने में कई सदियां गुजर जाती हैं लेकिन पिछले नौ वर्षो में नरेन्द्र मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किया है। यह मोदी सरकार का चमत्कार था जो राहुल ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जम्मू कश्मीर के लाल चौक पर ध्वज फहराया क्योंकि कांग्रेस के लंबे शासन काल में कोई भी कांग्रेसी लाल चौक पर तिरंगा नहीं फहरा सका।आगे कहा कि पहले वैक्सीन के लिए दूसरे देशों पर आश्रित रहने वाले भारत ने मोदी के संकल्प से कोरोना में भारत ने दो वैक्सीन तैयार किए। 210 करोड़ टीकें लगाए। 100 देशों में टीकें भेजे गए। यह भारत की क्षमता और बदलती छवि का उदाहरण है। गरीब कल्याण और गरीब सशक्तिकरण के लिए यह सरकार काम कर रही है। वंचितों को उनका अधिकार देने के लिए प्रधानमंत्री ने जंग छेड़ी है। सबका साथ सबका विश्वास के साथ संपूर्ण देश के विकास के लिए यह सरकार काम कर रही है। वर्ष 2014 से पूर्व हम विकास के साथ तकनीक में भी पिछड़े हुए थे। नौ वर्षो में हम इस दिशा में काफी आगे बढ़ गए हैं। अब भारत की पहचान आत्म. निर्भर देश के रूप में होती है। 2014 से पहले भारत आर्थिक रूप से विकसित देशों में 11वें नंबर पर था, आज ब्रिटेन को पीछे छोड़कर पांचवें नंबर पर पहुंच गया है। 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनेगा।पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह,संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा,प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह,राजधानी यादव ,महामंत्री पंकज सिंह,निःवर्तमान नप अध्यक्ष सीतामनी तिर्की,राजीव रंजन पाण्डेय ,आनन्द सिंह ,पंकज यादव आदि उपस्थित रहे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# कान्हाचट्टी के कैंडीनगर पंचायत में मनरेगा में जम कर मची है लूट

## कैंडीनगर पंचायत में मनरेगा का बुरा हाल, काम करता है मशीन और मजदूरी का भुगतान मजदूरों के खाते में

## मजदूरों के खाते पर बिचौलियों का है पहरा, गढ्ढे में तालाब या तालाब में गढ्ढे,जांच हुआ तो खुल जाएगा भ्रष्टाचार का राज

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**







कान्हाचट्टी : मनरेगा योजना अब बिचौलियों का अड्डा बनता जा रहा है।मनरेगा योजना में लूट भी इस कदर हावी है कि मनरेगा से काम के नाम पर एक वर्ष में अरबो रुपये की वारे न्यारे हो जा रहे हैं।कागज पर भले ही मजदूर काम कर रहे हैं लेकिन हकीकत में मजदूर नहीं काम करते हैं। मजदूरों के जगह अधिकांस योजनाओं में मशीन का प्रयोग ही होता है।भले ही मजदूरी का भुगतान मजदूर के खाते में हो रहा हो।उतना ही नहीं तालाब और डोभा वहां बनाया जाता है जहां पहले से चाहे पुरानी तालाब हो या पहले से गड्ढा हो,ताकि बिचौलियों और मनरेगा कर्मियों को कम समय मशीन जे सी बी चलाकर काम तमाम हो सके।जी हां आपने ठीक सुना मैं जिस मनरेगा योजना में भ्र्ष्टाचार का बात कर रहा हूँ, यह और कही नहीं वो पंचायत है कान्हाचट्टी प्रखण्ड के कैंडीनगर पंचायत।इस पंचायत को सासंद भी गोद लिये हुए हैं,जहां मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए विभिन्न योजना चलाने की बात होती थी,भले ही कोई योजना चले या ना चले लेकिन वर्तमान समय मे लगभग मनरेगा से 60 से 70 तालाब निर्माण का कार्य चल रहा है लेकिन इन तालाबो को कोई कैंडीनगर पंचायत के कोई मजदूर से नहीं बल्कि सभी जे सी बी मशिन से कार्य सम्पन्न हुआ है।भले ही मजदूरों की खाते में मजदूरी का भुगतान हो रहा है।

**मजदूरों की खाते से पैसे निकालने के एवज में मजदूरों को दस प्रतिशत ही मजदूरों को पैसा होता है प्राप्त :**

जब मशीन से काम कराया जाता है तो बिचौलियों ने मजदूरों के पीछे पीछे घूमते नजर आते हैं जैसे ही मजदूरों के खाते में पैसा क्रेडिट होता है तो उनके खाते से पैसा निकाल पर बिचौलियों पैसे को अपने कब्जे में कर लेते हैं और बदले में मजदूरों को दस प्रतिशत राशि थमा दिया जाता है।चुकी काम मजदूर नहीं मशीन करता है।मजदूरों को बगैर काम किए दस प्रतिशत मिल जाता है मजदूर कंगाल,बिचौलिए मालामाल।मनरेगा का यह हाल है।

**कैंडीनगर पंचायत में मनरेगा से तालाब डोभा की कहानी गड्ढे में तालाब या तालाब में गड्ढे :**

तालाब में गड्ढे या गड्ढे में तालाब किसी को कैंडीनगर पंचायत में समझ मे नहीं आएगा।जी हां इस पंचायत में पहले से बने पुराने तालाब या इंट भट्ठे के लिए उठाए गए मिट्टी से बने गड्ढे में ही साफ सफाई कर तालाब बनाया गया है।उसमें भी कैंडीनगर गांव के लाल बांध से लेकर बजरा एवं कुली डीह तक ऐसा मामला ज्यादा है।तुरंत इसकी जांच जिला स्तर से हो जाए तो दूध के दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

**काम करता है मशीन और भुगतान मजदूरों के खाते में उस पर भी बिचौलियों की पैनी नजर :**

'कैंडीनगर पंचायत में जितने भी पिछले दो वर्षो में डोभा और तालाब का निर्माण हुआ है वो इंटा बनाने वाली गड्ढे में बना है और वो भी के सी बी मशीन से ,मशीन से गड्ढे को साफ करने में मशीन मात्र चार से पांच घण्टे में तालाब का रूप दे देता है।और फिर उसमें आठ दस लेवर को मोटी रकम देकर केवल ड्रेसिंग करा कर तालाब का निर्माण का रूप दे दिया जाता है।और फिर मजदूरों का डिमांड लगाकर पैसे की निक.ासी कर लिया जा रहा है।वो भी उसमें वैसे मनरेगा के रजिस्टर्ड मजदूरों का डिमांड लगाया जाता है जो कमी काम करता ही नहीं है।जब मजदूरों के खाते में राशि जाती है तो बिचौलिए मजदूर से पैसा बैंक से निकलवा कर ले लेते हैं और उन्हें दस प्रतिशत थमा दिया जाता है।

**एक ही जगह दो तीन गड्ढे में तालाब का रूप देकर निकाला जा रहा है पैसा :**

कैंडीनगर पंचायत में मनरेगा में इस कदर लूट मची की मनरेगा एक्ट की अनदेखि करते हुए पूर्व रोजगार सेवक और कनीय अभियंता शिवकुमार दास के मिली भगत से एक ही जगह में दो से तीन गड्ढे को साफ कर तालाब का रूप देकर पैसे की लूट किया है।प्रत्येक तालाबो में जे ई और रोजगार सेवक ने मोटी रकम लेकर मेजरमेंट भी करवाया है।नाम नहीं छापने के शर्त पर एक मनरेगा के काम करने वाले ने कहा कि इस काम मे सबसे ज्यादा कनीय अभियंता लूट मचाए हुए है।

**किसी भी तालाब डोभा पर नही लगाया जाता है बोर्ड :**

कैंडीनगर पंचायत में जितनी भी योजना मनरेगा से संचालित है उसके जांच किए जाएं तो एक भी योजना पर योजना से सम्ब.न्धित बोर्ड नहीं लगाए गए हैं यह भी पूर्व रोजगार सेवक विजय चौबे एवं कनीय अभियंता शिव कुमार दास के सेटिंग से ही निकासी सम्भव हो पाया है। ग्रामीणों ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं उपायुक्त से जांच कराने की मांग की है।

# विजैया : बैजलाडीह जाने वाली सड़क की स्थिति बद्तर, मुखिया मकीना खातून ने की सड़क मरम्मती की मांग



**अपेम लाइव : बरही**



बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के बैजलाडीह सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। जिसको लेकर मुखिया माकीना खातून ने बताया की इस सड़क की मरम्मती को लेकर कई बार विधायक एवं यहां के अधिकारियों को दी गई है। लेकिन अभी तक जिम्मेदार सड़क की मरम्मती करवाने में कोई रुचि नहीं दिखा रहा है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की सड़क में जगह – जगह गड्ढा बन जाने के कारण आवागमन में काफी परेशानी होती है। कई बार बाइक सवार गिरकर घायल भी हो चुके है। ग्रामीणों का कहना है की सड़क के जर्जर होने के कारण आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरसात होने पर इस सड़क से होकर गुजरने में गिरने की संभावना बनी रहती है। दोपहिया वाहन चालकों को गिरकर चोटिल होना नियति बनी हुई हैं। साथ ही इस सड़क में गड्ढों और गिट्टी के अलावा कुछ भी नजर नहीं आता है। वहीं मुखिया मकीना खातून ने विधायक एवं बरही के आला अधिकारियो से सड़क मरम्मती कराने की मांग की है।

# आर्यकर्ण निधि लिमिटेड के सीएमडी रंजीत कुमार की कार दुर्घटनाग्रस्त हुए घायल बाल-बाल बचे



**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बड़कागांव : आर्यकर्ण निधि लिमिटेड के सीएमडी रंजीत कुमार बीती गुरुवार अहले सुबह तकरीबन 3:30 बजे रामगढ़ में शादी समारोह संपन्न कराकर वापस रांची जाने के दौरान पतरातू घाटी के समीप तालाटाँड़ में उनकी वाहन( जेएच 05 बीई -7711) लैंड रोवर कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई । जिसमें रंजीत बाल-बाल बच गए, चेहरे एवं माथे में चोट आई है। कार में कोई सवार नहीं था खुद चलाकर रांची जा रहे थे। घटना इतनी भयानक थी कि कार पलट गई और चारों पहिये ऊपर हो गए, शीशा तोड़कर बाहर निकलना पड़ा। नजदीकी रिश्तेदारों के आने के बाद रंजीत को इलाज के लिए रांची हॉस्पटल में एडमिट कराया गया। आर्यकर्ण निधि के सदस्यों एवं उनके शुभि.चंतकों ने शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भगवान से की है।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कांग्रेसियों ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजली, विधायक उमाशंकर अकेला हुए शामिल

**अपेम लाइव : बरही**




बरही हजारीबाग रोड में स्थित कांग्रेस कार्यालय में धरती के आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में विधायक उमाशंकर अकेला भी शामिल हुए। सभी ने बारी – बारी से भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की आदिवासी संस्कृति की रक्षा के लिए भगवान बिरसा मुंडा ने अपना जीवन समर्पित कर दिया था। यही वजह है की धरतीपुत्र बिरसा मुंडा जी को आदिवासी समाज के लोग उन्हें भगवान जैसा सम्मान देते है। साथ ही कहा की आदिवासी संस्कृति के संरक्षक भगवान बिरसा मुंडा जी के त्याग को हमेशा याद किया जाएगा। उनका प्रयास सभी को अपनी विरासत को संरक्षित करने की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करते है। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विस विधायक प्रति. निधि छद्दू गोप, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मो तौकीर, दीपक गुप्ता, मो तैयब, रंजीत निषाद, छोटी ठाकुर, मो बख्तियार, मिथिलेश उपाध्याय एवं रोहित ठाकुर मुख्य रूप से मौजूद थे।

## प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने राजनीतिक दल के प्रखण्ड अध्यक्षों के साथ किया बैठक

### वोटर लिस्ट सुधार से सम्बंधित विषयो पर किया चर्चा





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**

कान्हाचट्टी : शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने प्रखण्ड के सभी राजनैतिक दलों के प्रखण्ड अध्यक्षों के साथ बैठक किया। जिसमें बैठक में सभी दलों के साथ निर्वाचन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई विचार विमर्श के उपरांत संबंधित नियम और वोटर आईडी कार्ड में प्रावधानों से अवगत कराया गया।वहीं दूसरी तरफ प्रखण्ड के बी एल ओ के साथ भी बैठक कर वोटर कार्ड सुधार से सम्बंधित कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बी एल ओ को निर्देश दिया कि नए वोटर का नाम जोड़ें एवं जिनका गड़बड़ी है उनका सुधार कराएं।मौके पर भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष सतीश सिंह,राजद प्रखण्ड अध्यक्ष रामेश्वर यादव,घनश्याम पांसी सहित अन्य लोग सामिल थे।

## केंद्रीय सरना समिति कान्हाचट्टी मे मनाया भगवान बिरसा मुंडा की 123 वें पुण्यतिथि

### आदिवासियों को एकजुट होने की है जरुरत तभी होगा समाज का विकास : सिकन्दर

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**



कान्हाचट्टी : आदिवासी सरना समिति कान्हाचट्टी के द्वारा शुक्रवार को प्रखंड के शायल बगीचा के मैदान मे झारखण्ड के वीर सपूत धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 123 वें पुण्यतिथि कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर प्रखंड के आदिवासी जनजाति समाज महिला बच्चे एवं समिति के पदाधिकारियों ने बारी बारी से पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम मे शामिल लोगों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दिया।एवं बिरसा मुंडा अमर रहे, अमर रहे के नारे लगाये।तथा सरना समिति कान्हाचट्टी प्रखंड अध्यक्ष श्री सिकेंद्र खरवार ने उनके जीवनी के बारे में बताते हुए कहा की भगवान बिरसा मुंडा एक स्वतंत्रता सेनानी थे एवं आदिवासी समाज के समाज सुधारक भी थे, उन्होंने किसी की गुलामी पसंद नहीं किये लेकिन अंग्रेजो द्वारा आदिवासियों के साथ हो रहे, अत्याचार, शोषण, एवं जमीनों की लूटपाट से निजात पाने के लिए अंग्रेजो से लड़ा और उन्हें प्रास्त कर दिए, अंत में बिरसा ने भारत देश के असली मालिक बताते हुए आदिवासियों से आह्वान किया की,इस भूमि का मालिक आदिवासी है, अपनी धर्म एवं संस्कृति को नहीं भुलाने की आवश्यकता पर बल दिया है, अंत में बिरसा मुंडा को अंग्रेजो ने गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया और उनकी मृत्यु 9 जून 1900 को हुई, कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष सिकेंद्र खरवार ने अगली कार्यक्रम 9 अगस्त, विश्व आदिवासी दिवस को कान्हाचट्टी प्रखंड में धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल सरना समिति प्रखंड अध्यक्ष श्री सिकेंद्र खरवार, सलाहकार ड०. प्यारेलाल भोगता, उमेश खरवार, शिक्षक बिनोद सिंह भोगता, रघु मुंडा, दीपक खरवार , कृष्णा भारती, आदिवासी महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सरिता देवी, दीपक खरवार आदि लोग शामिल हुए

## जनसंपर्क अभियान के तहत बालूमाथ मंडल पहुंचे डॉ रैना

**अपेम लाइव : लातेहार**



बालूमाथ/लातेहार : जम्मू कश्मीर से चलकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ड०क्टर नरेंद्र सिंह रैना जनता भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से रुबरू होने के लिए बालूमाथ पहुंचे कार्यक्रम की व्यवस्था लोटस होटल में की गई थी।जहां भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया ।कार्यक्रम की शुरुवात भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह , पूर्व विधायक प्रकाश राम ,बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, हेरहंज मंडल अध्यक्ष मनीष जयसवाल, चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार के अलावे भाजपा के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित करने के पश्चात वंदे मातरम् गीत से की गई ।उसके पश्चात सभी अतिथियों को भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा अंग वस्त्र और बुके देकर स्वागत किया गया।स्वागत समारोह के पश्चात अतिथियों के द्वारा सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को फूल की माला और अंग वस्त्र दे करके स्वागत किया गया। डॉ रैना के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को बताया किस प्रकार मोदी सरकार ने जनधन खाता खुलवा करके गरीब और असहाय के अलावे भारतीय महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है।किस प्रकार मोदी सरकार ने कोबिड के समय फ्री राशन चिकित्सा और आर्थिक मदद की है. मोदी सरकार ने भारतीय किसानों को डीबीटी के माध्यम से 2000 किस्तों के रूप में करते आई है। आज पूरे विश्व में भारत के प्रधानमंत्री का कद बड़ा है ळ7 की अध्यक्षता कर रहा है यह बहुत बड़ी उपलब्धि है भारत के लिए यह सारी बातें ड०क्टर रैना अभिभाषण में कहा कि अब परिवारवाद की रा. जनीति नहीं चलेगी इसलिए हम सभी को एक होना आवश्यक है मेरा बूथ सबसे मजबूत का नारा भी दिया।इस कार्यक्रम में समाजसेवी राम जतन साहू, श्री राम जी सिंह, संजय पुरैयार, कुलेश्वर साहू, त्रिवेणी साहू ,कैलाश साहू ,प्रेम प्रसाद गुप्ता ,कामेश्वर यादव ,सतनारायण सिंह, शंभूलाल, गोपाल कुशवाहा, श्रम देव सिंह, श्याम नारायण पाठक ,मनोज पाठक ,लक्ष्मण यादव ,चंदवा प्रखंड से योगेंद्र सिंह, पूर्व सरपंच बालेश्वर सिंह, लाल वीरेंद्र नाथ शाहदेव, सुरेंद्र महाराज, बंधन भोक्ता, प्रभु महतो, राम कुमार महतो ,शिव शंकर प्रसाद, राजेंद्र साहू, पंचानन पांडे इत्यादि मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## एन. एम. एम. एस.के स्कॉलरशिप के परिणाम घोषित ज़िला में पैंतीस,चंदवारा प्रखंड से प्रिंस का चयन

**अपेम लाइव चंदवारा**




कोडरमा चंदवारा प्रखंड अंतर्गत मदनगुंडी में स्थित ष्द मनोज एकेडमीष नेशनल मींस-कम- मेरिट स्क०लरशिप के हुए परिणाम घोषित में एकेडमी के प्रिंस कुमार ने अच्छे परिणाम लाकर एकेडमी का मान सम्मान के साथ साथ अपने माता-पिता एवं अपने गाँव का भी नाम रौशन किया है तथा परिवार वालों ने इस परिणाम से खुशी जाहिर की है वहीं बता दें कि प्रिंस कुमार के पिता एक अ०टो चालक हैं था उसकी मां एक कुशल गृहिनी है इन दोनों ने कड़ी मेहनत से अपने बच्चों को इस मुकाम तक पहुंचाया है उन्होंने यह भी बताया की इसका श्रेय द मनोज एकेडमी के संचालक श्री मनोज कुमार पंडित को जाता है क्योंकि वे बच्चे को ईमानदारी और लगन के साथ शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं। वहीं एकेडमी के संचालक श्री मनोज कुमार पंडित ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि भैया प्रिंस कुमार का परिणाम अच्छा रहा है तथा उन्होंने इस परीक्षा की तैयारी काफी लगन मेहनत से की। उन्होंने यह भी कहा कि जो बच्चे कड़ी मेहनत और लगन के साथ पढाई करते हैं उन्हें जीवन में सफलता जरूर मिलती है उन्होंने संक्षेप में की भी जानकारी दी उन्होंने बताया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा सन् 2008 में नेशनल मीन्स -कम- मेरिट स्कॉलरशिप की केंद्र स्तर पर शुरूआत की थी। ये छात्रवृत्ति आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को वित्तीय मदद प्रदान करने के लिए बनाई गई। सालाना 12,000 रुपए की राशि प्रदान कर इस छात्रवृत्ति का उद्देश्य ग़रीब बच्चों को माध्यमिक शिक्षा यानि कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित करना है। नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप को भारत की केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित किया जाता है। इसमें कक्षा 9-12 तक के करीब 1 लाख मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है उन 1 लाख मेधावी छात्रों में से एक है भैया प्रिंस कुमार जो 4 साल तक प्रति वर्ष INR 12 हजार प्राप्त करता करेगा। मौके पर संस्थान के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को विस्थापन से होना पड़ता है बेघर, सहना पड़ता है विस्थापन का दंश : रितेश ठाकुर

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बड़कागांव : किसी भी क्षेत्र में कोल कंपनी के खुलने से उस क्षेत्र के ग्रामीणों एवं भू रैयतों को कई समस्याओं का दंश झेलना पड़ता है। कंपनी के नकारात्मक प्रभाव सीधे जनजीवन को प्रभावित करता है। भू रैयतों को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है उक्त बातें बड़कागांव मध्य पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ने कही है। उन्होंने आगे कहा कि जब किसी क्षेत्र में कोई कोल खनन कंपनी आती है तो सर्वप्रथम उस क्षेत्र में अने. कों पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। खनन करने के लिए उस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ पौधों को काटा जाता है जिससे उस क्षेत्र में पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न होती है। खनन एवं ओबी डंप के कारण भयंकर वायु प्रदूषण होता है जिसे लोगों में तरह-तरह की बीमारियां उत्पन्न हो जाती है।खनन के कारण बड़े पैमाने पर जब पेड़ पौधे काटे जाते हैं एवं जंगल को नष्ट किया जाता है तो जंगल में रहने वाले विभिन्न प्रकार के जंगली जीव जंतु एवं पक्षियों का विनाश हो जाता है। जंगल ना रहने से जंगली जानवरों का प्राकृतिक आवास उजड़ जाता है और जैव विविधता को भारी नुकसान पहुंचता है।खनन के लिए बड़े पैमाने पर भूमि अधिकृत की जाती है जिन पर पहले से नाना प्रकार के हरे साग सब्जी एवं फसल उपजाए जाते हैं। खनन के कारण उपजाऊ भूमि का ह्रास हो जाता है और वह क्षेत्र फसल उपजाने के लायक नहीं रहता है जिस कारण उस क्षेत्र में साग सब्जी खाद्य पदार्थों की समस्याएं उत्पन्न हो जाती है और बाहरी खाद्य पदार्थों पर निर्भर रहना पड़ता है।जब कोई कोल कंपनी भूमि का अधिग्रहण करती है तो उस क्षेत्र के ग्रामीणों को बड़े पैमाने पर विस्थापित किया जाता है और इस विस्थापन से ग्रामीण एवं भू रैयतो को अपने जन्म भूमि ( जहां उनकी कई पीढ़ियां रहते आ रही होती है ) को छोड़कर अन्य दूसरे जगह पर जाकर रहना पड़ता है। ग्रामीणों की आंखों के सामने उनके घरों को ध्वस्त किया जाता है। इतना ही नहीं खनन क्षेत्र में माइनिंग होने से वहां के ग्रामीणों को अपने पैतृक देवी-देवताओं साथ ही स्थानीय स्तर पर होने वाले पर्व त्यौहार एवं उनकी संस्कृति का लोप हो जाता है। और उन्हें दूसरे जगह के संस्कृति को अपनाना पड़ता है।खनन होने से खनन वाले क्षेत्र में जल की कई समस्याएं उत्पन्न हो जाती है, खनन के कारण नदियों एवं तालाबों का पतन हो जाता है साथ ही भूमिगत जल स्तर बहुत नीचे चला जाता है जिससे उस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बोरिंग के माध्यम से भी जल प्राप्त करने में कठिनाइयां होने लगती है।कोल कंपनियां खोलने से क्षेत्र में अपराध की दर बढ़ जाता है। लेवी, रंगदारी एवं हत्या जैसे वारदातों को अंजाम दिया जाता है। साथ ही सड़क दुर्घटना आदि की दर भी बढ़ जाती है।

## जदयू की अचलजामो पंचायत कमेटी गठित, बसंती बनी अध्यक्ष


**अपेम लाइव : विष्णुगढ**



जदयू की अचलजामो पंचायत कमेटी के गठन को लेकर शुक्रवार को दुर्गा मंदिर प्रांगण में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता ने की। बैठक में जदयू पार्टी के संगठन की मजबूती एवं विस्तार को लेकर चर्चा की गई। इसके उपरांत पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष बसंती देवी, उपाध्यक्ष बिहारी यादव, पंचायत प्रभारी चमेली देवी, सचिव गणपति महतो का मनोनयन किया गया। मनोनयन के उपरांत कार्यकर्ताओं ने जदयू की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने की शपथ ली। मौके पर प्रखंड सचिव बैजनाथ महतो, मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह, रवि किशोर, गीता देवी, पूजा कुमारी, सुनीता देवी, दशमी देवी, पूनम देवी, छत्रधारी ठाकुर, ओमप्रकाश महतो, धनपति महतो, लालू डोम, भीम यादव, कमलदेव प्रसाद समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 85 वर्षीय उगन गोडाइत का निधन गांव में शोक की लहर

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बड़कागांव प्रखंड के ग्राम साँढ निवासी 85 वर्षीय उगन गोडाइत का आक. स्मिक निधन हो गया। अग्नि शुक्रवार को छपेरवा श्मशान घाट में किया गया।बड़े पुत्र कमाली पासवान ने मुखाग्नि दिया। उन्होंने अपने पीछे चार पुत्र एंव एक पुत्री के साथ भरापूरा परिवार छोड़ गए।अंतिम संस्कार में शामिल होने एवं शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से अध्यक्ष पूर्व मुखिया कार्तिक महतो ,पूर्व मुखिया भीखन महतो,कोयद के पूर्व मुखिया पुसन पासवान,राजीव रंजन,पूर्व वार्ड सदस्य पत्रकार आनन्द राज,प्यारे राम पासवान, मनोज पासवान,रंजीत पासवान,दिलीप कुमार, बिनोद पासवान,सुखदेव शिवचरित्र पासवान , बालेश्वर राम, गुलाब राम,महेंद्र विश्वकर्मा, रामलोचन राम,संतोष राम,कृष्णा पासवान, संतोष पासवान, सुरेश पासवान, बसन्त लोहार,किशोर लोहार,मेवा महतो,सेवा महतो,रामेश्वर महतो, राम सुंदर महतो, जीतन महतो, राजू पासवान, मिथिलेश पासवान, आदि शामिल है ।

## आजसू पार्टी ने बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई

**अपेम लाइवः बडकागॉव**




बड़कागांव : आजसु कार्यालय में आजसू पार्टी के प्रखंड इकाई द्वारा बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई गई। आजसू कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया एवं उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने कहा कि हमें बिरसा मुंडा के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है तभी हमारे सभी समाज का कल्याण संभव है। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, प्रखंड प्रवक्ता तापेश्वर कुमार ष्तापसष किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुमार दांगी , उप मुखिया हरली पंचायत सुनील कुमार, तुलेश्वर राम, ईश्वर कुमार,प्रकाश कुमार,वरुण कुमार, विकास कुमार विशाल कुमार, कमलेश कुमार कसेरा,, चन्द्रनाथ महतो आदि लोग मौजूद थे।

## स्टूडेंट यूनियन ने 60-40 नियोजन नीति को रद्दु करने की मांग को लेकर आज और कल बंद का करेंगे समर्थन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**

झारखंड में 60-40 नियोजन नीति को रद्द कराने एवं झारखंड के सभी वैकेंसीयो/बहालीयों में झारखंड के स्थाई निवासी शब्द को जोड़वाने और खतियान आधारित नियोजन नीति को लागू करवाने तथा झारखंड के स्थाई निवासियों को नौकरी प्रदान करने की मांग को लेकर झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के द्वारा बैठक की गई । जिसमें 10 तथा 11 जून को संपूर्ण झारखंड बंद कार्यक्रम का समर्थन किया है। झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के लोग आज शनिवार एवं कल रविवार को सड़क पर उतर कर झारखंड सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे एवं बंदी का समर्थन करेंगे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बिना नोटिस के कब्रिस्तान की नापी एवं विद्यालय ध्वस्त किए जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सिंदवारी पंचायत के नगडी में एनटीपीसी को लेकर ग्रामीण भू रैयतों की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता सिंदवारी पंचायत के मुखिया करम राम ने किया। बैठक एनटीपीसी के द्वारा नगड़ी के कब्रिस्तान का नापी करना एवं सरकारी विद्यालय का तोड़े जाने को लेकर था। बता दें कि उत्कर्मित उर्दू मध्य विद्यालय नगड़ी के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को दूसरे विद्यालय में शिफ्ट किए बगैर ही कंपनी के द्वारा विद्यालय ध्वस्त कर दिया गया है जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय नगड़ी के प्रधानाध्यापक मोहम्मद इजहार ने कहा कि विद्यालय तोड़ने से पूर्व स्कूल प्रबंधन समिति को किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं दी गई और अचानक आकर विद्यालय को तोड़ दिया गया। वहीं मामले को लेकर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम एवं सोनू इराकी ने कहा कि कंपनी मनमाने ढंग से ग्रामीणों के घर ध्वस्त कर दे रही है जिसे लेकर बहुत जल्द हम लोग न्यायालय में जाएंगे एवं ग्रामीणों की हक की लड़ाई लड़ेंगे। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया करम राम, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, समाजसेवी सोनू इराकी, पंकज कुमार, इंताब अंसारी, नगड़ी कमेटी के सदर मो साजीद, मो सलीम, मो रियाज, मो तस्लीम, मो अबाश, मो इजहार, मो अब्दुल, बड़कागांव पूर्वी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव, मो इकबाल, संदीप सिंह, मो सफरुद्दीन रामस्वरूप कुमार के अलावा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि पर धरती आबा को डीसी व एसपी ने दी श्रद्धांजलि

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर उपायुक्त भोर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन द्वारा चंदनडीह पार्क स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि भग. वान बिरसा मुंडा का अदम्य साहस, समर्पण और बलिदान से हमें प्रेरणा लेना चाहिए और समाज के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। उनके शौर्य, साहस व पराक्रम को हम सभी नमन करते हैं।मौके पर उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा बिरसा, एनडीसी बंधन लांग, कार्यपालक दंडाधिकारी श्रेयांश, प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव , अंचल पदाधिकारी रुद्रप्रताप ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## बिना स्पष्ट नीति के नियुक्ति जायज नही : संजय मेहता

### बरही का बेटा ही कर सकता है बरही की रक्षा : भुवनेश्वर यादव

**अपेम लाइव बरही / चंदवारा**



जनसंवाद यात्रा के तहत चंदवारा प्रखंड के करौंजिया में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उन्हें झारखंड के संदर्भ में नीतिगत पहलुओं से अवगत कराया गया साथ ही माटी का बेटा कैसे सांसद और विधायक बने इस पहलू पर जागरूक किया गया। संजय मेहता ने कहा कि यह झारखंड की जरूरत है की झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर और 81 विधानसभा सीटों पर स्थानीय लोग सांसद और विधायक बने। उन्होंने राज्य की नियोजन नीति और स्थानीय नीति के स्पष्ट नहीं होने के कारण हो रहे नुकसान के संदर्भ में भी ग्रामीणों को बताया। संजय मेहता ने आगे कहा कि बिना खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति के झारखंड में नियुक्ति होना जायज नहीं है। जब तक खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति झारखंडी भावनाओं के अनुरूप लागू नही हो जाती है तब तक कोई भी नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करना झारखंडियों के हक और अधिकार को कुचलने जैसा होगा। इस दौरान घंटों चली चर्चा परिचर्चा में ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यह हम सब झारखंडियों की मांग है और यह जायज है। हम सभी ग्रामीण इस यात्रा और मांग को अपना समर्थन देते हैं साथ ही करौंजिया के ग्रामीणों ने आंदोलन में भी अपना साथ देने का भरोसा दिया एवं कहा कि बरही समेत हजारीबाग की धरती को एक राजनीतिक जागरूकता की जरूरत है और इस जागरूकता को जगाने के लिए सभी माटी के लोगों को एक होना होगा। जब तक माटी के लोग एक नहीं होंगे हमारी धरती राजनीतिक तौर पर गुलाम बनी रहेगी। हमारे इलाके को राजनीतिक तौर पर गुलामी की जंजीरों में जकड़ लिया गया है और बाहरी तत्वों के द्वारा चारागाह बना दिया गया है। इसलिए हम सबको उठ खड़ा होना होगा और आवाज को बुलंद करना होगा। भुवनेश्वर यादव ने कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र हो या हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र या झारखंड के अन्य लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र बाहरी तत्वों के द्वारा झारखंडियों के हक अधिकार को मारा जा रहा है और नेतृत्व का जो अवसर है उसे छीन लिया जा रहा है। ऐसे में झारखंड के लोगों को यह चिंतन करना होगा कि आखिर कैसे झारखंड को बचाया जाए। इसका एकमात्र रास्ता है निर्वाचन प्रक्रिया में झारखंड के लोगों को मजबूती के साथ आगे आना होगा। इन बाहरी तत्वों को जवाब देना होगा साथ ही इस आंदोलन को तेज करना होगा और सबकी जनभागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। रवि सोनी ने कहा कि इस आंदोलन ने झारखंड के लोगों को एक उम्मीद दी है। साथ ही बरही विधानसभा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में एक बड़ी जन जागरूकता को जन्म दिया है। अब यह हम लोगों की जिम्मेदारी है कि इस आंदोलन को आगे बढ़ा कर सफल बनाएं। करौंजिया के कार्यक्रम में महावीर यादव, विरेन्द्र यादव, मनोज कुमार यादव, सुखदेव माली, राजेन्द्र यादव, रामचंद्र पासवान आदि लोग शामिल थे।




## चतरा के जनसेवकों ने कृषि मंत्री के विधान सभा क्षेत्र के विरोध रैली में हुए सामिल

### सरकार जब तक हमारी मांग नहीं मानेगी हड़ताल रहेगा जारी : नवीन





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**

कान्हाचट्टी : जनसेवकों का कृषि मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में न्याय यात्रा– में जनसेवकों का जनसैलाब उमड़ा पड़ा। जनसेवक संवर्ग के ग्रेड पे को कम करने एवं ग्यारह सूत्री लंबित मांगों पर सरकार द्वारा अब तक सकारात्मक पहल नहीं किए जाने के विरोध में राज्य भर के 15 सौ से अधिक जनसेवकों ने कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के विधानसभा क्षेत्र जरमुंडी में बासुकीनाथ में क्यू काम्प्लेक्स टैक्सी स्टैंड से नंदी चौक तक न्याय यात्रा निकाला।जो बाद में जरमुंडी प्रखंड कार्यालय के समीप धरना के रूप में परिणत हुआ। धरना कार्यक्रम की शुरुआत धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई स यह न्याय यात्रा झारखंड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर संथाल परगना प्रमंडल के तत्वावधान में किया गया जिसमें चतरा जिला के सभी जनसेवकों ने भाग लिया। विशाल न्याय यात्रा में चतरा जिला का नेतृत्व संघ के जिला अध्यक्ष श्री नवीन तिर्की ने किया स श्री तिर्की ने बताया कि जनसेवक संवर्ग अपने अधिकार पाने को लेकर पिछले 1 माह से हड़ताल पर है लेकिन खुद को कर्मचारियों का हितैषी मानने वाली सरकार हमारी लंबित मांगों को पूरा नहीं कर रही है जो सरकार की संवेदनहीनता का परिचायक हैस उन्होंने आगे बताया कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती है तो पूरे राज्य के जनसेवक रा. जधानी की ओर रुख करेंगे और आगामी 15 जून से नेपाल हाऊस के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे।धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चतरा जिला के राकेश प्रसाद ने सरकार से काला कानून को अविलंब वापस लेने के लिए कहा स उन्होंने देश के प्रख्यात कवि डॉ कुमार विश्वास के एक कविता के माध्यम से कृषि विभाग और जनसेवकों के सम्बंध को बताया । जनसेव कों के हड़ताल पर चले जाने से विगत एक महीने में पंचायत से लेकर प्रखंड स्तर तक के सरकार के कई महत्वकांक्षी योजनाओं को काफी प्रभावित किया है साथ ही जनमानस से लेकर पदाधिकारियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । आज के न्याय यात्रा सह धरना कार्यक्रम को सफल बनाने में चतरा जिला से जिला उपाध्यक्ष श्री नवल किशोर, मीडिया प्रभारी अभिजीत घोष, राकेश प्रसाद, राकेश त्यागी, चंदन कुमार, प्रमोद कुमार रामविलास राम, संजय लिंडा एवं अन्य जनसेवकों ने भाग लिया ।’

